CLASS-X MONTHLY EXAMINATION, OCTOBER - 2023

कक्षा-X मासिक परीक्षा, अक्टूबर - 2023

SOCIAL SCIENCE(Compulsory)

सामाजिक विज्ञान (अनिवार्य)

पृष्ठ: 1/4

(समय: 1 घंटा 30 मिनट)

[TIME- 1 Hour 30 Minutes]

विषय कोड/Sub.Code:
111

Page:1/4

(पूर्णांक-50)

[Full Marks:50]

bharatiyamkaplbyAmitjsir

खंड 'ब' (विषयनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 10 तक लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर दें।

(1.) राष्ट्रवाद क्या है ?

उत्तर- राष्ट्रवाद से तात्पर्य एकता की उस भावना से है जो तब उभरती है जब एक सामान्य क्षेत्र में रहने वाले लोग समान ऐतिहासिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि साझा करते हैं, एक ही भाषा बोलते हैं, समान सांस्कृतिक मूल्य रखते हैं और खुद को एक राष्ट्र मानते हैं।

(3) नगर-निगम की आय के स्रोत बताइए।

उत्तर- इसकी आय के स्रोत शहर के निवासियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले पानी, मकान, बाजार, मनोरंजन और वाहनों पर कर और राज्य सरकार से अनुदान हैं।

(5) सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित करें |

उत्तर- किसी देश की सीमा में एक निर्धारित समय के भीतर तैयार सभी वस्तुओं और सेवाओं के कुल मौद्रिक या बाजार मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहते हैं. यह किसी देश के घरेलू उत्पादन का व्यापक मापन होता है और इससे किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत पता चलती है.

(7) संसाधन नियोजन क्या है ?

उत्तर- संसाधन नियोजन का मतलब है संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग. संसाधन नियोजन में किसी कंपनी के कर्मचारियों, वित्त और प्रौद्योगिकी जैसे बहुमूल्य संसाधनों का सबसे कुशल उपयोग सुनिश्चित करना शामिल है.

(10) बाढ़ प्रबंधन के दो उपाय लिखिए।

उत्तर- बाढ नियंत्रण के कोई दो उपाय -(1) नदियों के ऊपरी क्षेत्रों में अनेक जलाशय बनाये जा सकते हैं। (2) नदियों के ऊपरी जल संग्रहण क्षेत्रों में सघन वृक्षारोपण किया जाना चाहिए।

प्रश्न संख्या 11 से 18 तक दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर दें।

(12) रूसीकरण की नीति क्रांति हेतु कहाँ तक उत्तरदायी थी ?

उत्तर- रूस में विभिन्न प्रजातियों के निवासी थे। इनमें स्लावों की संख्या सबसे अधिक थी। इनके अतिरिक्त फिन, पोल, जर्मन, यहूदी इत्यादि भी थे। ये भिन्न-भिन्न भाषा तथा रीति-रिवाज को मानते थे। इसलिए रूसी सरकार ने देश की एकता के लिए रूसीकरण की नीति अपनाई। जार की नीति थी—"एक जार, एक चर्च और एक रूस।" परंतु रूस का अल्पसंख्यक वर्ग सरकार की इस नीति से व्यग्र हो गया। जार ने देश के सभी लोगों पर रूसी भाषा, शिक्षा और संस्कृति लादने का प्रयास किया। 1863 ई० में इस नीति के विरुद्ध पोलों ने विद्रोह कर दिया जिसे दबा दिया गया। इस प्रकार रूसी राजतंत्र के प्रति उनका आक्रोश बढ़ता गया।

(13.) ग्राम पंचायत के कार्यों को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए |

उत्तर- ग्राम पंचायतें ग्राम की स्वच्छता, प्रकाश, सड़कों, औषधालयों, कुओं की सफाई और मरम्मत, सार्वजनिक भूमि, पैठ, बाजार तथा मेलों और चरागाहों की व्यवस्था करती हैं, जन्म मृत्यु का लेखा रखती हैं और खेती, उद्योग धंधों एवं व्यवसायों की उन्नति, बीमारियों की रोकथाम, श्मशानों और कब्रिस्तानों की देखभाल भी करती हैं।

(16) मुद्रा के प्रमुख कार्य बताइए |

उत्तर- मुद्रा की सबसे महत्वपूर्ण कार्य है लेनदेन को सुविधाजनक बनाना. इसका इस्तेमाल लेनदेन के सन्दर्भ में आसानी से किया जा सकता है. मुद्रा एक ऐसा मूल्यवान रिकॉर्ड है या आमतौर पर वस्तुओं और सेवाओं के लिए भुगतान के रूप में स्वीकार किया जाने वाला तथ्य है.

(18.) संसाधन निर्माण में तकनीकी की क्या भूमिका है ?

इस प्रकार संसाधन निर्माण में तकनीकी की अहम भूमिका है। बहुत सारे संसाधन तब बनते है जब हमारे पास उन्हें संसाधन के रूप में प्रयोग करने की तकनीक मौजूद होती है। जैसे नदी में बहता जल एक जल संसाधन तो है पर जब हमने उससे बिजली बनाने की तकनीक विकसित की तो नदी में बांध बनाकर बिजली बनाने के संसाधन के रूप में भी उसका विकास हुआ।